पाठ 1 हिंदी कक्षा 5

(प्रश्न क) कवि ने भारत को धरती का स्वर्ग क्यों कहा है?

उत्तर-कवि ने भारत को धरती का स्वर्ग इसलिए कहा है क्योंकि भारत प्राकृतिक रूप से बहुत सुंदर है। इसके अलावा यहां बहुत से महान लोगों ने जन्म लिया है जैसे भगवान राम, कृष्ण, गौतम, महावीर, गांधी जी इत्यादि।

(प्रश्न ख) भारत के भौगोलिक रूप का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए?

उत्तर भारत भौगोलिक रूप से बहुत सुंदर है इसके उत्तर में हिमालय पर्वत है और दक्षिण में इसके सागर हैं ।इसके पश्चिम में रेगिस्तान हैं और कहीं पर सुंदर मैदान भी हैं तो कहीं पर पठार हैं तो कहीं पर द्वीप भी हैं जो इसे सुंदर बनाते हैं।

(प्रश्न ग) भारत की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन कीजिए?

उत्तर भारत प्राकृतिक रूप से बहुत सुंदर है इसके उत्तर में गगन को चूमते हुए बर्फीले पहाड़ है तो दक्षिण में पैरों को धोते हुए सागर हैं चिलचिलाती धूप वाले रेगिस्तान के साथ-साथ सुंदर रंग-बिरंगे वन उपवन भी हैं। लहल-हाती फसलें मन को अपनी ओर खींचती है और इसकी शोभा को बढ़ाती हैं।

(प्रश्न घ) भारत देश के कुछ महान लोगों के नाम लिखिए?

उत्तर-भारत ऐसी पावन भूमि है जहां बहुत से महान लोगों ने जन्म लिया है जैसे भगवान श्री कृष्ण रामचंद्र जी महावीर, गौतम बुद्ध, वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप, गांधीजी, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह, राजगुरु, तात्या टोपे, सुखदेव, सुभाष चंद्र बोस इत्यादि ।